






# हायर सेकेण्ड्री परीक्षा परिणाम में जिले में 8 .80 प्रतिशत की वृद्धि

**हाईस्कूल का 71 .58 प्रतिशत व हायर सेकेण्ड्री का 78 .71 प्रतिशत रहा, प्रावीण्य सूची में हाईस्कूल के 8 हायर सेकेण्डरी के 14, नवागत कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को दी बधाई**



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 15 अप्रैल।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित की गई हाईस्कूल व हायर सेकेण्ड्री परीक्षा के परिणाम बुधवार 15 अप्रैल को घोषित किए गए। शिवपुरी जिले के हायर सेकेण्ड्री के परीक्षा परिणाम में पिछले साल की तुलना में 8.20 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। हाईस्कूल परीक्षा में पिछले साल की तुलना में 4.68 प्रतिशत की बृद्धि हुई है। जिले के 8 परीक्षार्थी हाईस्कूल परीक्षा की प्रदेश की प्रावीण्य सूची में आए हैं। इसी तरह हायर सेकेण्ड्री की प्रावीण्य सूची में 14 परीक्षार्थियों ने स्थान बनाया है।

हायर सेकेण्ड्री परीक्षा के कला समूह में आदर्श बंधु उ.मा.वि.शिवपुरी की छात्रा कु. दीप्ती रावत ने 487 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह विज्ञान-गणित समूह में शासकीय मॉडल उ.मा.वि.पोहरी के छात्र कान्हा शर्मा ने 490 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वाणिज्य समूह में बाल शिक्षा निकेतन उ.मा.वि. शिवपुरी की छात्रा कु. प्रतिष्ठा गौड़ ने 486 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। कृषि संकाय में शा.उ.मा.उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 की छात्रा कु. तुलसी राजावत ने 493 अंक तथा इंडियन पब्लिक उ.मा.वि. झींगुरा, शिवपुरी की छात्रा कु. चंचल कुशवाह ने 493 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार इंडियन पब्लिक उ.मा.वि. झींगुरा, शिवपुरी की छात्रा कु. प्रीति कुशवाह ने 488 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। शा.संदीपनी मॉडल उ.मा.वि. शिवपुरी की छात्रा कु. संजना धाकड़ ने 487 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया है।

**कलेक्टर ने बढ़ाया मनोबल :** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बोर्ड परीक्षा में सफलता का परचम लहराने वाले जिले के सभी परीक्षार्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने सफल विद्यार्थियों से अपील की है कि अब अपनी अगली उड़ान के लिये तैयार हो जाइए। साथ ही जो परीक्षार्थी असफल रहे हैं, उनसे अपील की है कि आप सब निराश न हों। यह केवल एक छोटा सा पड़ाव है अपनी सोच को सकारात्मक रखें और मन लगाकर पढ़ाई करें, आगे अवश्य सफलता मिलेगी। लोग अपनी मेहनत, लगन व सकारात्मक सोच की बदौलत सफलता के उच्चतम मुकाम पर पहुँचे।

**हाईस्कूल में इन परीक्षार्थियों ने प्रावीण्य सूची में बनाया स्थान :** हाईस्कूल में सरस्वती विद्या मंदिर कन्या हाईस्कूल, शिवपुरी के छात्र राजीव कुमार राठौड़, बाल शिक्षा निकेतन उ.मा.वि. शिवपुरी के छात्र दीपेश धाकड़ ने प्रावीण्य सूची में 8वां स्थान हासिल किया है। इसी तरह सनराइज एजूकेशन अकादमी, शिवपुरी की छात्रा कु स्मृति पांडे, किड्स लर्निंग जोन ए रेनिंग प्ले स्कूल, शिवपुरी की छात्रा कु. आशिकी शर्मा एवं शा. उ.मा.वि., सिरसौद, शिवपुरी के छात्र रानू प्रजापति ने प्रावीण्य सूची में 9वां स्थान हासिल किया है। शा. उ. मा. उत्कृष्ट विद्यालय क्र.1 शिवपुरी की छात्रा कु. मोनिका प्रजापति, प्रज्ञा बाल मंदिर उ.मा.वि., लक्ष्मी बाई कालोनी, शिवपुरी के छात्र रवि कुशवाह तथा शा. सांदीपनि मॉडल उ.मा.वि., शिवपुरी की छात्रा कु मंशी अग्रवाल ने प्रावीण्य सूची में 10वां स्थान हासिल किया है।

## मोनिका प्रजापति ने 10वीं में 98 प्रतिशत तो सीबीएसई बोर्ड में नैतिक यादव ने 95 प्रतिशत अंक किए हासिल

**स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से अंचल शिवपुरी को किया गौरान्वित**



**शिवपुरी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित वार्षिक परीक्षा परिणाम वर्ष 2026 के द्वारा एमपी बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट भोपाल से मप्र के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के द्वारा जारी किया गया। इस घोषित परीक्षा परिणाम में मप्र के टॉप टेन परीक्षार्थियों में अंचल शिवपुरी से कक्षा 10वीं की एमपी बोर्ड से छात्रा मनियर निवासी मोनिका पुत्री श्रीमती अनीता-धर्मेन्द्र प्रजापति ने अपना श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम दिया और सर्वाधिक 500 में 490 अंकों हासिल कर 98 प्रतिशत बनाई जिसमें संस्कृत और गणित में 100 अंक जबकि हिंदी में 92, अंग्रेजी में 95, विज्ञान में 98 एवं सामाजिक विज्ञान में 97 अंक प्राप्त किए। मोनिका प्रजापति की इस सफलता से उत्साह प्रजापति समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरज्ञान प्रजापति के द्वारा अपने कार्य स्थल पर इस होनहार बालिका का स्वागत सम्मान किया गया जिसमें माल्यार्पण करते हुए मिष्ठान खिलाकर मोनिका की उपलब्धि से समस्त प्रजापति समाज का नाम रोशन हुआ, इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।


इस अवसर पर मोनिका के धर्मेन्द्र प्रजापति सहित अमर सिंह प्रजापति, कोमल प्रजापति, बृजमोहन एवं पवन, सुरेश व दाताराम प्रजापति मौजूद रहे। बिटिया मोनिका ने अपनी इस सफलता पर बताया कि माता-पिता और गुरूजनों के आर्शीवाद से यह सफलता हासिल की और अब भविष्य में आईटी इंजीनियरिग के क्षेत्र में भविष्य बनाने की कार्य योजना है।

## जिले से टॉप 10 में तो ब्लॉक से टॉप रहा सांदीपनि विद्यालय बदरवास का रिजल्ट

**लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया**

**नवभारत न्यूज**
**बदरवास, 15 अप्रैल।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणाम 15 अप्रैल 2026 को सुबह 11 बजे घोषित कर दिए हैं। जिसमें शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बदरवास के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया,सांदीपनि विद्यालय बदरवास में कक्षा 10वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत 98ज रहा, जबकि कक्षा 12वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत 97ज रहा, जिसमें लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया। इस वर्ष विद्यालय से 12वीं कक्षा के 102 मेधावी विद्यार्थी 75ज से अधिक अंक लाकर 'लैपटॉप 'प्राप्त करने के लिए नामांकित हुए, बदरवास सांदीपनि विद्यालय में कक्षा दसवीं की वार्षिक परीक्षा में विद्यार्थी कृष्णा राठौर ने 500 में से 484 अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा 12वीं में कु. अनुष्का धाकड़ ने 500 में से 483 अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## स्मृति पांडेय ने प्रदेश की मेरिट सूची में बनाया स्थान



**पिता के मार्गदर्शन और स्मार्ट वर्क से हासिल की सफलता**

**दिनेश कुमार झा**
**खनियांधाना, 15 अप्रैल।** खनियांधाना क्षेत्र के लिए आज बड़े ही गर्व का क्षण रहा, जब कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम घोषित हुए। शिक्षक राजेश देव पांडेय की सुपुत्री *स्मृति पांडेय* ने मध्य प्रदेश की प्रावीण्य सूची में *9वां स्थान*प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन कर दिया है। स्मृति ने 500 में से 491 अंक (98.20) प्राप्त किए हैं। जैसे ही यह खबर नगर सहित आसपास के क्षेत्र में फैली स्मृति के घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया और उनके परिजनों के फोन की घंटियां लगातार बजती रहीं।

अपनी सफलता के अनुभव साझा करते हुए स्मृति ने बताया कि परिणाम आने से पहले वह काफी नर्वस थीं और मन में एक डर था, लेकिन नतीजे आने के बाद उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का मुख्य श्रेय अपने माता-पिता के निरंतर सहयोग और अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। स्मृति का कहना है कि उन्होंने कभी भी पढ़ाई को बोझ नहीं समझा। उनके अनुसार सफलता के लिए केवल घंटों तक किताबी मेहनत करना ही काफी नहीं है, बल्कि स्मार्ट वर्क और विषयों की गहरी समझ होना बेहद जरूरी है।

स्मृति ने अन्य विद्यार्थियों के लिए अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि खुद पर विश्वास रखना और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना ही जीत की कुंजी है।* भविष्य की योजनाओं के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि वह के माध्यम से इंजीनियरिंग क्षेत्र में जाना चाहती हैं और अंततः *सिविल सेवा के जरिए देश की सेवा करने का सपना देखती हैं। स्मृति की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर न केवल उनके परिवार में, बल्कि पूरे खनियांधाना में जश्न का माहौल है और सभी उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दे रहे हैं।

## प्रदेश में तीसरा स्थान
## कान्हा शर्मा ने 500 में 490 अंक लाकर बढ़ाया पोहरी का मान




**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 15 अप्रैल।** सांदीपनि विद्यालय पोहरी के मेधावी छात्र कान्हा शर्मा ने कक्षा 12वीं की हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए गणित संकाय में 500 में से 490 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय, परिवार और पूरे जिले में गर्व और खुशी का माहौल है। कान्हा शर्मा की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन की आदत रही है। उन्होंने अपनी पढ़ाई के दौरान शिक्षकों के मार्गदर्शन को गंभीरता से अपनाया और हर विषय पर मजबूत पकड़ बनाई। यही समर्पण आज उनके शानदार परिणाम के रूप में सामने आया।

विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने कान्हा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि कान्हा जैसे छात्र अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनकी सफलता से विद्यालय का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन हुआ है। कान्हा के माता-पिता ने भी खुशी जताते हुए बताया कि वह बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रहा है।

कान्हा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। कान्हा शर्मा की इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। उनकी यह सफलता यह साबित करती है कि दृढ़ संकल्प, मेहनत और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## सेवा भारती छात्रावास शिवपुरी का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**भैया लाखन सहरिया ने 92 .8 प्रतिशत अंक हासिल किए**



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 15 अप्रैल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में शिवपुरी के सेवा भारती छात्रावास, ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया है। यह उपलब्धि संस्था के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। इस अवसर पर छात्रावास के होनहार छात्र भैया लाखन सहरिया ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल छात्रावास, बल्कि सेवा भारती का नाम भी गौरवान्वित किया है। उनकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

उल्लेखनीय है कि सेवा भारती पिछले 25 वर्षों से शिवपुरी क्षेत्र में जनजाति समाज के बच्चों के लिए निरंतर सेवा कार्य कर रही है। अब तक इस छात्रावास से 337 छात्र शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं, जिनमें से 48 छात्र शासकीय सेवाओं में पहुंचकर समाज की सेवा कर रहे हैं। छात्रावास अध्यक्ष हरिज्ञान प्रजापति ने बताया कि समाज के सहयोग से इस छात्रावास का सफल संचालन संभव हो पाया है। उन्होंने उन सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने बच्चों को गोद लेकर उनकी शिक्षा में योगदान दिया। छात्रावास अधीक्षक मुकेश कर्ण ने इस सफलता का श्रेय बच्चों की मेहनत, अनुशासन और नियमित दिनचर्या को दिया। उन्होंने बताया कि छात्रावास में रहकर विद्यार्थी समर्पण भाव से पढ़ाई करते हैं, जिससे ऐसे उत्कृष्ट परिणाम सामने आते हैं। विभाग समन्वयक अर्जुन सिंह दांगी के अनुसार, सेवा भारती शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के क्षेत्रों में मध्य भारत में निरंतर कार्य कर रही है। शिक्षा आयाम के अंतर्गत संस्कार केंद्र, छात्रावास और विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है, जो समाज के सहयोग से ही संभव हो पाता है। यह उपलब्धि न केवल छात्रावास बल्कि पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है। सेवा भारती ने आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी समाज का सहयोग इसी प्रकार मिलता रहेगा, जिससे और अधिक बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाया जा सके।



## अंबेडकर जयंती पर ग्राम सभा, टीकाकरण को लेकर जागरूकता का संदेश

**पोहरी, 15 अप्रैल।** ग्राम देदखुर्द में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम सभा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता उपसरपंच श्रीमती विमला धाकड़ ने की। इस अवसर पर सीएचओ अवधेश धाकड़, एएनएम संतोषी चौहान, आशा कार्यकर्ता श्रीमती बर्फी परिहार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एमपीवीएचए परियोजना से ब्लॉक समन्वयक श्री दिनेश राठौर की विशेष उपस्थिति रही। सभा में बताया गया कि नियमित टीकाकरण से बच्चों को खसरा, रूबेला, डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनस, पोलियो, हेपेटाइटिस-बी, टीबी और रोटावायरस जैसी गंभीर बीमारियों से सुरक्षा मिलती है। ग्राम सभा में उन 15 परिवारों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने बच्चों का समय पर पूर्ण टीकाकरण कराया। सरपंच द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्वास्थ्य किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। सामुदायिक सहयोग और जागरूकता के संदेश के साथ ग्राम सभा का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

## नैतिक यादव ने 95, कु . अदिति 85 .6 एवं उत्कृर्ष यादव ने 82 प्रतिशत अंक किए हासिल



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 15 अप्रैल।** एमपी बोर्ड और सीबीएसई बोर्ड 2026 के घोषित परीक्षा परिणाम में ग्वाल समाज के बच्चों ने भी श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जिसमें सीबीएसई बोर्ड से स्व.श्री श्याम लाल यादव-श्रीमती राधा देवी के प्रपौत्र नैतिक पुत्र श्रीमती ज्योति-दिलीप यादव कार्यरत रेल्वे विभाग निवासी लुधावली के द्वारा 95 प्रतिशत अंक हासिल कर अंचल शिवपुरी का नाम रोशन किया है। सीबीएसई बोर्ड से ही मप्र विद्युत मण्डल से सेवानिवृत्त रामप्रसाद यादव के प्रपौत्र एवं एसएएफ में कार्यरत दिनेश-श्रीमती बसंती यादव के भतीजे व पत्रकार राजू यादव-श्रीमती रूकमिणी यादव के होनहार पुत्र उत्कर्ष यादव के द्वारा भी वर्ष 2026 में कक्षा 10वीं में शामिल होकर घोषित परीक्षा परिणाम में 82 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने घर-परिवार और ग्वाल समाज का नाम रोशन किया है। इसी क्रम में ग्वाल समाज सकल (पंच) शिवपुरी लुधावली के चौधरी ब्रजेश कुमार यादव (ग्वाल) की होनहार बिटिया कु. अदिति ने माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा वर्ष 2026 में एमपी बोर्ड से शामिल होकर अपना श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम दिया और घोषित रिजल्ट में कक्षा 12 वीं के सर्वाधिक 500 में से 428 अंक हासिल कर 85.06 प्रतिशत बनाई और 4 प्रमुख विषय में विशेष योग्यता हासिल की।

**ईस्टर्न हाइट्स पब्लिक स्कूल ने फिर रचा इतिहास, एमपी बोर्ड में शत-प्रतिशत परिणाम :** शिवपुरी शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था ईस्टर्न हाइट्स पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए एमपी बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। विद्यालय के डायरेक्टर सुबोध अरोरा-श्रीमती नीलम अरोरा के निर्देशन में बच्चों ने बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होकर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और स्कूल का नाम रोशन किया। इसमें मेधावी विद्यार्थियों की उपलब्धियों में शौर्य मित्तल 437 अंक (कॉमर्स), निशा रावत 430 अंक (कॉमर्स), कृष्णा यादव 401 अंक (कॉमर्स), संस्कार राय 387 अंक (कॉमर्स), हार्दिक गोयल 375 अंक (विज्ञान) शामिल रहे, इसके अलावा इनके साथ अन्य विधार्थियों ने भी परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किये हैं। इन होनहार विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से सफलता की नई ऊँचाइयाँ छुई हैं। विद्यालय के संचालक सुबोध अरोरा एवं श्रीमती नीलम अरोरा और प्राचार्य मनीष गुप्ता तथा उप प्राचार्य श्रीमती प्रीति शर्मा जी और विद्यालय के सभी शिक्षकगणो ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी।

### एक नजर में

## मनचाही सफलता न मिलने पर निराश न हों विद्यार्थी, पालक करें उन्हें प्रोत्साहित : अवस्थी



**बदरवास, 15 अप्रैल।** बुधवार को घोषित हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. की बोर्ड परीक्षाओं कक्षा 10 और कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए शिक्षक गोविन्द अवस्थी ने अपेक्षित सफलता न मिल पाने तथा असफल होने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए संदेश दिया है जिन विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम अनुकूल नहीं आया है वो कतई उदास, हताश और निराश न हों। ये परिणाम आपके विद्यार्थी जीवन के आखिरी परिणाम नहीं है बल्कि आपके लिए एक चुनौती है। शिक्षक गोविन्द अवस्थी ने अनुकूल सफलता न पाने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए संदेश दिया है कि आप सब मनवांछित सफलता न मिल पाने की चुनौती को स्वीकार कर और अधिक प्रयास तथा मेहनत से इसे पछाड़ने की क्षमता रखते हैं। बच्चे अपने माता पिता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और उनकी जीवन रेखा होते हैं। बच्चों से आग्रह है कि परीक्षा परिणाम अनुकूल न आने पर मन में कोई भी नकारात्मक बात न लाएं। निराश न हों, असफलता में सफलता खोजें।आत्मविश्वास और धैर्य रखें तथा अपनी ताकत, बुद्धि का इस्तेमाल कर अगली बार अपनी श्रेष्ठता साबित करें। याद रखें, असफलता हमें रोकने नहीं, बल्कि सिखाने आती है। यह अंत नहीं बल्कि एक नई शुरुआत है। उठिए, आगे बढ़िए और अपने सपनों को फिर से उड़ान दीजिए। अवस्थी ने विद्यार्थियों के परिजनों को संदेश देते हुए आग्रह किया है कि बच्चों को पॉजिटिव एनर्जी देते हुए उनसे प्रेमपूर्ण व्यवहार करें और उनका मोरल सपोर्ट अवश्य करें। उनके साथ दोस्ताना व्यवहार रखें तथा उनका उत्साहवर्धन करते रहें साथ ही उनका विशेष ध्यान रखें।

## शिवपुरी के राज सैन ने 10वीं में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए




**शिवपुरी।** जिले के बरोदी निवासी संतोष सैन के पुत्र राज सैन ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार, गांव और जिले का नाम रोशन किया है। राज ने ग्वालियर के गोरखी हायर सेकेंडरी स्कूल से यह शानदार उपलब्धि हासिल की। राज की इस सफलता के पीछे कड़ी मेहनत और संघर्ष की प्रेरणादायक कहानी छिपी हुई है। उनके पिता संतोष सैन ट्रक ड्राइवर हैं, जो काम के सिलसिले में महीनों तक घर से बाहर रहते हैं। वहीं उनकी माता खेती-बाड़ी कर परिवार का पालन-पोषण करती हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत न होने के बावजूद परिवार ने बच्चों की शिक्षा में कोई कमी नहीं आने दी। बेहतर शिक्षा के लिए राज को उनकी बुआ-फूफा अपने साथ ग्वालियर ले गए, जहां रहकर उन्होंने पढ़ाई की और यह मुकाम हासिल किया। राज के दो छोटे भाई-बहन भी हैं, जो पढ़ाई में काफी होनहार हैं और अपने बड़े भाई से प्रेरणा ले रहे हैं। राज की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि कठिन परिस्थितियां भी मजबूत इरादों के आगे टिक नहीं सकतीं। उनकी सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## राहुल सिंघल ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर अंचल का नाम किया रोशन



**शिवपुरी।** माध्यमिक परीक्षा मण्डल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम 2026 में शिवपुरी के ही रहने वाले होनहार छात्र राहुल सिंघल पुत्र श्रीमती बबीता-विनोद सिंघल के द्वारा भी श्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया और कक्षा 12वीं में नियमित छात्र के रूप में 500 में से 463 अंक हासिल कर 93 प्रतिशत अंक हासिल किए। यहां राहुल सिंघल ने हिन्दी विषय में 88 अंक, हिन्दी में 92 अंक, बिजनेस स्टडीज में 96 अंक, बुक कीपिंग एवं एकाउंटेंसी में 94 अंक व इन्फॉर्मेटिक प्रेक्टिस में 93 अंक हासिल कर विशेष योग्यता इन सभी विषयों में हासिल की। राहुल सिंघल क इस सफलता से उत्साहित उनके परिजन सौरभ गुप्ता ने बताया कि राहुल शुरू से ही पढ़ाई में अग्रणीय रहा है और हमें आशा थी कि वह वर्ष 2026 की वार्षिक परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा और जब घोषित परीक्षा परिणाम आया तो राहुल ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 93 प्रतिशत अंक हासिल कर अंचल शिवपुरी सहित अपने घर-परिवार एवं समाज का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से समाज व परिवार में हर्ष की लहर व्याप्त है।

## सेंड बेनेडिक्ट के छात्र ध्रुव शिवहरे ने सीबीएसई की हाईस्कूल परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक हासिल किए



**शिवपुरी।** शिवपुरी की विवेकानंद कॉलोनी में रहने वाले सेंट बेनेडिक्ट के छात्र ध्रुव शिवहरे ने सीबीएसई हाई स्कूल की परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। बुधवार को सीबीएसई ने वर्ष-2026 की कक्षा दसवीं का परिणाम घोषित किया। इसमें सेंड बेनेडिक्ट में प?ने वाले छात्र ध्रुव शिवहरे पुत्र मनीष शिवहरे ने 93 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इस उपलब्धि पर उन्हें सभी परिवारजनों व ईष्टमित्रों ने बधाई दी है। छात्र ध्रुव शिवहरे ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकगणों को दिया। गौरतलब है कि छात्र ध्रुव शिवहरे के पिता विवेकानंद कॉलोनी में रहने वाले व्यवसायी मनीष शिवहरे विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जु? हुए हैं। जबकि माता दीपमाला शिवहरे गृहिणी हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष . . .

## 16 वर्षों में बेटियों का रिकॉर्ड

सरकारी स्कूलों का प्रदर्शन निजी स्कूलों की तुलना में बेहतर रहा है. कक्षा 10वीं में पन्ना की प्रतिभा सिंह सोलंकी ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. तो वहीं कक्षा 12वीं में भोपाल की बेटियों में खुशी राय और चांदनी विश्वकर्मा भोपाल ने मेरिट सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है.

**झाबुआ जिला 93.23 प्रतिशत के साथ टॉप पर :** जिलों के प्रदर्शन की बात करें तो झाबुआ जिला 93.23 प्रतिशत के साथ सबसे ऊपर रहा है. अनूपपुर जिला भी 93.85 प्रतिशत के साथ अव्वल जिलों में शामिल है. लेकिन राजधानी भोपाल इस बार भी टॉप 20 जिलों की सूची से बाहर रहा. वहीं भोपाल जिले के 12वीं में 76.01 प्रतिशत और 10 वीं में 73.42 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे. हालांकि 12वीं की परीक्षा में भोपाल की दो छात्राओं ने प्रदेश भर में टॉप किया है, जिससे भोपाल का स्थान राज्य की मेरिट सूची में ऊपर रहा है.

**छात्राओं का प्रदर्शन बेहतर:** इस बार भी छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों से बेहतर रहा. छात्राओं का पास प्रतिशत 77.52 प्रतिशत रहा, जबकि छात्रों का 69.31 प्रतिशत दर्ज किया गया.

## अनुराग जैन सीएस का पद छोड़ेंगे, नीति आयोग जाएंगे

गुड लिस्ट में जिन अफसरों को शुमार किया जाता है, उनमें जैन का नाम भी शामिल है. इसलिए ही उन्हें केंद्र में सर्वोच्च प्राथमिकता वाले गति शक्ति प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी सौंपी गई थी. इसमें सड़क, रेल, पोर्ट के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े देश के बड़े प्रोजेक्ट को मॉनीटर करने के साथ ही उनसे जुड़े कामों को तेज गति से पूरा कराने की जिम्मेदारी निभाई जाती है.

**एक वर्ष का एक्सटेंशन पाने वाले प्रदेश के पहले सीएस हैं जैन :** प्रदेश में अनुराग जैन से पहले मुख्य सचिवों को 6 माह का एक्सटेंशन मिलता रहा है. उसमें एक बार और 6 माह तक की बढ़ोतरी होती रही है, लेकिन जैन प्रदेश के पहले सीएस हैं, जिनको एक बार में ही एक वर्ष का एक्सटेंशन दिया गया था. तत्कालीन मुख्य सचिव वीरा राणा के रिटायरमेंट के बाद उन्हें सितंबर 2024 को प्रदेश का मुख्य सचिव बनाया गया था. 3 अक्टूबर 2024 को उन्होंने प्रदेश के 35वें मुख्य सचिव का दायित्व संभाला था. उनका कार्यकाल अगस्त 2025 को समाप्त हो रहा था, तब मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे डॉ. राजेश राजौरा को मुख्य सचिव बनाए जाने की कवायद चल रही थी, तब अचानक ही उन्हें एक वर्ष का एक्सटेंशन दे दिया गया. इस तरह वे अगस्त 2026 तक प्रदेश के मुख्य सचिव बने रह सकते हैं. लेकिन अब वे इस जिम्मेदारी से मुक्त हो सकते हैं.

**डॉ. राजौरा के साथ, पंकज अग्रवाल और अशोक बर्णवाल भी हैं दावेदार :** अनुराग जैन के बाद प्रदेश के मुख्य सचिव कौन होंगे? इसे लेकर भी अब गुणा- भाग का दौर लगातार जारी है. बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ बेहतर बॉडिंग के चलते एसीएस डॉ. राजेश राजौरा मुख्य सचिव की रेस में एक बार फिर सबसे आगे हैं।